खाद्यान्न उत्पादन संबंधी लक्ष्यों का पूरा न किया जाना

5047. **श्री राम जेठमलानी :**

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा :

क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश में खाद्यान्नों के उत्पादन हेतु निर्धारित लक्ष्यों को लगातार गत तीन वर्षों से पूरा नहीं किया जा रहा है;

(ख) यदि हां, तो वर्ष 1991-92, 1992-93 और 1993-94 के लिये खाद्यान्न उत्पादन के क्या लक्ष्य निर्धारित किये गये थे और इनका कितने प्रतिशत वास्तविक उत्पादन हुआ;

(ग) क्या यह भी सच है कि उक्त वर्षों के दौरान सरकार ने कृषि उत्पादों के मूल्यों में वृद्धि की है;

(घ) यदि हां, तो गेहूं, चावल, गन्ना, कपास, तिलहन व दालों के मूल्यों में किस-किस तारीख को वृद्धि की गयी थी और अप्रैल, 1991 से अप्रैल, 1994 के दौरान यह वृद्धि कितने प्रतिशत की गयी थी; और

(ङ) मूल्यों में उक्त वृद्धि के फलस्वरूप देश में कृषि उत्पादों के उत्पादन में कितनी वार्षिक वृद्धि हुई ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मन्त्री (श्री अरविन्द नेताम) : (क) जी, हां ।

(ख) वर्ष 1991-92, 1992-93 तथा 1993-94 (संभावित) के लिए अनाज का उत्पादन तथा इसके लिए निर्धारित लक्ष्य का ब्यौरा नीचे दिया गया है :

(मिलियन मीटरी टन)

	लक्ष्य	उत्पादन	
1991–92	182.50	168.38	(92.3)
1992–93	183.00	180.01	(98.4)
1993–94 (संभावित)	188.00	180.52	(96.0)

कोष्ठकों में दिए गए आंकड़े लक्ष्य की तुलना में उत्पादन का प्रतिशत दर्शाते हैं ।

(ग) जी, हां ।

(घ) 1991 से 1994 में जिन तिथियों से गेहूं, चावल, गन्ना, कपास, तिलहनों और दलहनों की कीमतें बढ़ाई गईं, उनका ब्यौरा संलग्न विवरण-1 में दिया गया है। **(नीचे देखिए)**

1991-92, 1992-93 तथा 1993-94 (फसल वर्ष) के दौरान उक्त फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्यों में की गई प्रतिशत वृद्धि का ब्यौरा संलग्न विवरण-2 में दिया गया है। **(नीचे देखिए)**

(ङ) किसी भी वर्ष में कृषि उत्पादन में होने वाली वृद्धि मूल्य एवं विपणन समर्थन संबंधी कार्यक्रमों सहित विभिन्न विकास कार्यक्रमों के संयुक्त प्रभाव की वजह से होती है। फिर भी कुल उत्पादन में हुई बढ़ोत्तरी में व्यक्तिगत घटक के योगदान को कभी अलग नहीं किया जाता ।

विवरण-1

वर्ष 1991 से 1994 के दौरान न्यूनतम समर्थन मूल्यों की घोषणा की तिथियां

फसल	1991–92	1992–93	1993–94
गेहूं	17–03–92	07–01–93	06–10–93
चावल (धान)	04–09–91	31–08–92	21–07–93
दलहन	04–09–91	31–08–92	21–07–93
कपास	04–09–91	31–08–92	21–07–93
तिलहन	04–09–91 (खरीफ)	31–08–92 (खरीफ)	21–07–93 (खरीफ)
	17–03–92 (रबी)	07–01–93 (रबी)	06–10–93 (रबी)
गन्ना	26–12–91	16–02–93	29–09–93

विवरण-2

वर्ष 1991-92, 1992-92 तथा 1993-94 के दौरान इसके पूर्ववर्ती वर्ष की तुलना में कुछ चुनिन्दा जिन्सों के न्यूनतम समर्थन मूल्यों में प्रतिशत वृद्धि ।

फसल	1991–92	1992–93	1993–94
1. गेहूं	22.2	20.0	6.1
2. चावल (धान)	12.2	17.4	14.8
3. दलहन			
तूर	13.5	17.4	9.4
मूंग	13.5	17.4	9.4
उड़द	13.5	17.4	9.4
चना	11.1	20.0	6.7
4. कपास			
एफ–414/एच–777	12.1	15.1	12.5
एच–4	12.0	13.1	10.5
5. तिलहन			
छिलके सहित मूंगफली	11.2	16.3	6.7
सोयाबीन			
काली	12.9	20.3	10.5
पीली	11.3	18.0	10.5
सूरजमुखी	11.7	19.4	6.3
रेपसीड एवं सरसों	11.7	13.4	6.6
तोरिया	13.2	12.4	7.6
कुसुम	11.3	12.5	5.6
6. गन्ना	13.0	19.2	11.3